उत्तर प्रदेश में एआई हब बनाएगी माइक्रोसॉफ्ट

लखनऊ। सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट उत्तर प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस हब विकसित करेगी। खासतौर पर इसका मकसद कृषि और किसानों को इनोवेशन के जरिए अपग्रेड करना होगा। पारंपरिक कृषि को स्मार्ट कृषि के रूप में तब्दील किया जाएगा, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को कम किया जा सके। ऐसा करने से किसानों को ग्रीन क्रेडिट के विशाल बाजार में प्रवेश का अवसर मिलेगा।

इस संबंध में दावोस में विश्व आर्थिक मंच में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक (कृषि एवं खाद्य) और मुख्य तकनीकी अधिकारी रणवीर चंद्रा ने एआई हब में निवेश एवं विकास की रूपरेखा पर चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट ने राज्य में कार्यदक्षता बढ़ाने के लिए डाटा प्रबंधन के क्षेत्र में माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफिकेशन से क्षमता विकास का भी प्रस्ताव दिया है। ब्यूरो